# पुलिस गंगापुर सिटी से जल्द ही नशे के कारोबार को करवाए बंद : डॉ. किरोड़ी

**गंगापुर सिटी** । राज्यसभा सांसद डॉ. किरोडी लाल मीना करौली से जयपुर जाते समय स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले।

लोगों की ओर से गंगापुर सिटी शहर में बढ रहे स्मैक, चरस, गांजा सहित अन्य नशे के कारोबार की शिकायत की गई। सांसद मीना ने गंगापुर सिटी पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि गंगापुर शहर में स्मैक, चरस, गांजा, अफीम जैसी नशीली पदार्थों का जमकर बिक्री हो रही है। कई युवा इसकी लत के शिकार हो चुके है। कई परिवार बर्बाद हो चुके है। पुलिस प्रशासन इनके खिलाफ सख्त कदम उठाएं, अन्यथा मजबूरन सर्व समाज के लोगों को लेकर आंदोलन करना पडेगा। सांसद मीना ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की पंजाब फिरोजपुर रैली के दौरान सुरक्षा में चूक गंभीर विषय है। इसमें दोषी लोगों पर सख्त कडी से कडी कार्रवाई की जाए। कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है, जिसे



डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने गंगापुर सिटी में युवाओं को संबोधित किया।

बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। देश की जनता सब देख रही है, कांग्रेस को सबक सिखाएगी। प्रधानमंत्री किसी दल का नहीं देश का होता है, मोदी ने भारत का मान सम्मान विश्व में बढाया है। डा किरोडी लाल मीणा ने सर्व समाज के युवाओं को एकजुट रहने का आ ान किया। साथ ही कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचाएं एवं लाभान्वित करें। कांग्रेस के कुशासन में हर वर्ग के लोग दुखी है। कोरोना का दौर शुरू हो चुका है सभी युवा सावधानी रखें आमजन सरकारी गाइडलाइन का पालन करें। इस दौरान युवा भाजपा नेता दर्शन सिंह गुर्जर मोतीपुरा, पार्षद अतुल शर्मा, महेद्र उदेई, राकेश फुलवाडा, उत्तम सलोना, विकास झारेडा, वीरू मीणा, सूर्या, सौरभ मानपुर, डी आर मीणा, पिंटू सनेट, कमर सिंह मीणा, अवधेश बैंसला, संजीव सपावत, आशीष मीणा, सनी गुप्ता, भीमराज फौजी, नरेश मीणा सहित कई युवा मौजूद थे।

## कॉलोनी में पानी भरने पर प्रदर्शन किया

**भरतपुर** (निसं)। भरतपुर में देर रात्रि से सुबह तक हुई बारिश से कई वार्डो में जलभराव की समस्या बन गई। पानी भराव से लोगों का हाल बेहाल हो गया जिससे लोगो का सब्र का बांध टूट गया और उन्होंने नारेबाजी कर नगर निगम के प्रति नाराजगी जाहिर की।

वार्ड नंबर 41 के लोगो का कहना है कि अभी बारिश का मौसम नहीं है लेकिन बारिश से हाल हैं तो बरसाती मौसम में क्या होगा द्य नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा हमने शिकायत की लेकिन उन्होंने इस सम्बंद में कोई कार्यवाही नहीं की आज थोड़ी सी हुई बारिश से दरिया बन गया हैं।

वार्ड निवासी चंचल व संगीता ने बताया कि भरतपुर नगर निगम के वार्ड नंबर 41 में जलभराव की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की उन्होंने बताया कि यह समस्या काफी दिन से बनी हुई है इसको लेकर वार्ड नंबर 41 की पुष्पा गुर्जर पार्षद ने कई बार नगर निगम अधिकारियों को बता चुके है। लेकिन समाधान नहीं हुआ।

## शोरूम के सामने बदमाशों ने की फायरिंग

**बयाना** । बयाना कस्बे में बाईक चोरों व झपट्टामार बाईक सवार बदमाशों की भांति अब सिरफिरे बदमाश युवकों की भी सरगर्मीयां बढने लगी है।

बीती शाम को कस्बे के एक बाईक शोरूम पर आए बाईक सवार तीन बदमाश युवकों ने बाईक की सर्विस व दस्तावेजों को लेकर हुई कहासुनी के चलते इस बाईक शोरूम के एक कर्मचारी के साथ जमकर मारपीट की व हवाई फायरिंग करते हुए भाग गए। यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई है और इस मामले में भी अब के रिवाज की भांति पुलिस व पीडित सीसीटीवी कैमरों में आए फुटेजों को खंगाालने में जुटे हुए है। समाचार लिखे जाने तक इन बदमाशों का सुराग नही लग सका है। शोरूम संचालक लोकेष ने पुलिस कोतवाली में वारदात के बाद तीन अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया है कि उसका लवकुष नाम के एक युवक से बाईक की सर्विस व कागजातों को लेकर विवाद हुआ था। उसी सिलसिले में इन अज्ञात बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच षुरू की है।

## सार-समाचार

### मालपुआ का भोग लगाया



**मासलपुर** (निं.स) । मासलपुर के निकट चैनपुर गॉव के ब्रहम ऋषि आश्रम पर संत भगवान दास महाराज के सानिध्य शनिवार को पौष बडा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हनुमान जी विग्रह पर चोला चढा कर सेवा पूजा आरती के बाद उन्हे मंगोडे, कड़ी, मालपूआ, पुड़ी और चटपटी चटनी का भोग लगा कर भक्तों को पंगत मे प्रसादी ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम के दौरान पण्डित हरि प्रसाद ने तेरा किसने किया सिंगार आदि अनेको भजनो की प्रस्तुति दी ।

### जर्सियां प्रदान की

**भरतपुर** (निसं)। आज स्वास्थ्य मंदिर पर खिलता बचपन के गरीब बच्चों को आज भामाशाह भविष्य गोयल और धर्मेंद्र गोयल द्वारा जर्सियां प्रदान की गई। इस अवसर पर अपना घर महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष प्रभा गुप्ता ने बच्चों को जरसिया पहनाते हुए सभी से अपील कि की सर्दियां अपने शबाब पर है और इस समय कंबल, रजाई और जर्सियो की अत्यंत जरूरत है जिन भामाशाहों को दान करना हो वह सर्दियों की जरूरत का सामान देते है तो जरुरतमद की मदद होगी।

## नगर परिषद पर पक्षपात का आरोप

**करौली** (निं.स)। गरीबों की 2 जून की रोजी-रोटी पर नगर परिषद प्रशासन ने हथोड़ा चलाकर और प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण से दूरी बनाकर पक्षपात किया है।

करौली शहर के बीचो-बीच होकर निकल रहे नेशनल हाईवे 11बी की सड़क मार्ग के फुटपाथ पर लोगों ने कब्जा कर दुकानें जमा कर बड़े-बड़े व्यवसाय चला रखे हैं। इसके अलावा बहुत से लोगों ने लकड़ी के खोखा लगाकर दुकानें चला रखी हैं।

कुछेक गरीब लोगों ने अपनी 2जून की रोजी-रोटी के लिए चाय,कटिंगसेविंग की दुकान लगा रखी है। गौरतलब यह है कि इसी हाईवे के फुटपाथ पर प्रभावशाली लोग लकड़ी के खोखा सहित अन्य सामान की दुकानें लगवाने का किराया तक वसूल रहे हैं। जो यहां के नगर परिषद प्रशासन की जानकारी में होने के उपरांत भी ऐसे प्रभावशाली लोगों और प्रभावशाली लोगों द्वारा लगवाई गई दुकान संचालकों के खिलाफ कार्यवाही की हिम्मत तो नहीं की मगर उन गरीब लोगों के खिलाफ जो अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए चाय,कटिंग सेविंग आदि की दुकान चला रहे हैं।

# 'भूखे रहें ओ प्यासे, जीएँ वो अकालों में...'

**भरतपुर** (निसं)। अखिल भारतीय साहित्य मंच द्वारा डॉ. कुसुम शर्मा हॉस्पीटल भरतपुर ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ. लोकेश शर्मा की अध्यक्षता में काव्य गोष्ठी एवं पुस्तक 'नर्गिस' (साझा संग्रह) का विमोचन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विप्र फाउन्डेशन के जिलाध्यक्ष ताराचंद चिचाना थे एवं विशिष्ट, डॉ. हर्षवर्धन दुवे, डॉ. ईशा शर्मा, मनिका शर्मा, मंथिका शर्मा थे।

कार्यक्रम की शुरूआत सभी अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलित कर की गई। मॉ शारदे वंदना कवि श्याम सिंह जघीना ने की। कवि डॉ. लोकेश शर्मा ने भूखे रहे औ प्यासे जिए वो अकालों में है बंद गांव सारा महाजन के तालों में', सुशील शर्मा ने 'हिम्मत का बाजार लगाना सीखोग , अमर विद्रोही ने 'अब स्वारथ बडा देश से हुआ प्रत्यक्ष रूप से देखे जनता', नरेन्द्र निर्मल ने 'लपेटे वर्फ की चादर हवाये सर्द आई है', डॉ. कृष्ण कन्हैया ने कोई दहका सा अंगारा दिल में आग





भरतपुर में काव्य गोष्ठी का आयोजन ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ. लोकेश शर्मा की अध्यक्षता में हुआ।

लगाता है', नेकराम नेक ने कांप रहे आठौ याम, दीखै नॉय कहूँ घाम', नरेश कुमार प्रेमी ने 'अक्ल से न देश शक्ल, अक्ल को मिले चतुराई', सी.एस.कृष्णा ने 'गर पूछ लो हमारा हाल तो फिर कैसा मलाल', पूरन शर्मा 'इनको क्या परवाह वतन की ये तो नमक हराम हैं', राजीव चौधरी ने 'दर्द दिल का किसी को, बताऊँ तो कितना', राजेन्द्र अनुरागी ने 'पुलकित कर देता है मन को तेरे संग बातें करना', छीतर बाबा ने 'मातृ प्रतिज्ञा है मेरी मैं पूरी करके दिखला दूँगा', सुघड सिंह सुग्गा ने 'कोरोना लैगौ लम्पै आदि कवियों ने अपनी अपनी कविताएँ पढीं । इस कार्यक्रम में काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## स्वच्छ प्रतियोगिता पर हुई कार्यशाला

**गंगापुर सिटी** । आवासन एवं शहरी कार्य मन्त्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी स्वच्छ सर्वेक्षण की टूलकिट के अनुसार स्वच्छ टैक्नोलॉजी चेलेन्ज प्रतियोगिता की कार्यशाला का आयोजन सभागार नगर परिषद् गंगापुर सिटी में किया गया।

जिसमें सिटीजन, एनजीओ या किसी भी सिटीजन ग्रुप ने भाग लिया। कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन के सफल क्रियान्वयन हेतु जीरो डंप, सोलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट (गीले कचरे से खाद बनाना, सूखे कचरे से उपयोगी व सजावटी वस्तुए बनाना) प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट (प्लास्टिक/पॉलिथिन की रोकथाम के लिये कपडे/जूट के थैले बनाना व वितरित करने का कार्य पर गठित कमेटी के सदस्यों ने जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा प्रोजेक्टर विडियो द्धारा भी विस्तारित रूप से जानकारी दी गई। इस दौरान नगर परिषद् कार्मिक मनमोहन दुबे, राहूल कौशल, मुकेश धामोनिया, जिला प्रबन्धक श्री रामेन्द्र शर्मा, सुश्री प्रियंका पाठक, संगठक सीताराम शर्मा इत्यादि उपस्थित थे।

# बालाजी के लगाया पोष बड़ा प्रसादी का भोग

**गंगापुर सिटी** । समीपवर्ती प्रसिद्ध पर्यटक स्थल धुधेश्वर रोड पर रेलवे पुलिया के पास स्थित पंचमुखी हनुमान जी मंदिर पर शनिवार को विशाल पोस बडा प्रसादी का आयोजन किया गया पंचमुखी चमत्कारी हनुमान जी मंदिर की विशेष सजावट की गई साथ ही रामलला दरबार को भी सजाया गया विशेष श्रंगार किया गया साज सजावट की गई पंडाल लगाया गया पूरा पांडाल धार्मिक माहौल में हो गया ।

बालाजी महाराज के भजनों पर जमकर के महिला पुरुष एवं युवा थिरकते हुए नजर आए बालाजी महाराज को दोपहर को पोस् बडा का भोग लगाया गया एवं विशेष पूजा अर्चना आरती कर क्षेत्र में सुख समृद्धि खुशहाली एवं शांति की प्रार्थना की साथ ही कोरोना महामारी से भी निजात के लिए बालाजी महाराज से प्रार्थना की कि इस बीमारी से क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हो साथ ही इस बीमारी का प्रकोप नहीं बढे विशाल पोस् बडा प्रसादी कार्यक्रम संयोजक श्री श्री 1०8 श्री रामस्वरूप दास त्यागी महाराज संत जी का सभी भक्तजनों ने आशीर्वाद लिया संत जी पंडाल में एक जगह पर सुबह से बैठे रहे भक्तजनों ने महाराज जी का माला नारियल एवं दक्षिणा भेट कर संत महाराज जी का आशीर्वाद लिया एवं उनके निर्देशन में विशाल भंडारा चलता रहा सभी भक्तगण सेवा में जुटे रहे गरमा-गरम बडे पुआ एवं हरी चटनी पंगत में बैठा कर के लोगों को प्रेम एवं स्नेह के साथ खिलाई गई प्रसादी कार्यक्रम में हजारों की संख्या से जयादा महिला पुरुष बडे बुजुर्ग युवा ग्रामीण क्षेत्र एवं गगापुर शहर के लोग एवं दूर-दराज से काफी संख्या में भक्तगण पधारे एवं प्रसादी का आनंद लिया पंचमुखी बालाजी महाराज की काफी दूरदराज तक लोगों में मान्यता है एवं चमत्कारी हनुमान जी मंदिर पर काफी संख्या में लोग हर शनिवार मंगलवार को आते हैं प्रसादी में हजारों से ज्यादा संख्या में लोग पधारे सभी लोगों ने कोरोना गाइडलाइन का पालन किया। बालाजी महाराज एवं जय श्री राम के जयकारे युवा लगाते हुए नजर आए वहीं भजनों पर महिलाएं नाचती हुई नजर आई ।

## डॉ.महादेव सिंह दातली राज्य सचिव नियुक्त

**करौली** (निं.स)। आयुष इंटरनेशनल मेडिकल एसोसिएशन (एआईएमए) में डॉ. महादेव सिंह दाँतली को राजस्थान का राज्य सचिव आयुर्वेद नियुक्त किया है। डॉ. महादेव सिंह दातली को एआईएमए अनुसंधान,विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने और उसी के बारे में जागरूकता पैदा करने की दिशा में काम करने की अपेक्षा की जाती है। दातली हर समय अपनी गतिविधियों और निर्णयों के बारे में एआईएमए नेतृत्व से परामर्श करेंगे और उन्हें सूचित रखेंगे। आयुष इंटरनेशनल मेडिकल एसोसिएशन के तहत इस पद के सभी अधिकार सुरक्षित हैं।ज्ञात रहे कि एआईएमए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति,योगा एवं प्राकृतिक, एक्यूपंक्चर, युनानी, शिद्धा और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के चिकित्सकों का अन्तर्राष्ट्रीय संगठन है। संगठन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. मनोज शर्मा ने डॉ. महादेव सिंह दातली को राज्य सचिव के पद पर नियुक्ति पत्र जारी करते हुए बधाई दी और संगठन हित मे कार्य करने के लिए निर्देश दिए।

# प्रशिक्षक ने खिलाड़ियों के साथ अनुभव साझा किए

**भरतपुर** (निसं)। भरतपुर में किला स्थित जयशंकर टाईगर जूडो कराटे क्लब पर 3 दिन का प्रशिक्षण शिविर देने के लिए सिगो काई कराटे दो एसोसिएशन ऑफ इंडिया कोलकाता से प्रशिक्षित सेंसेई विनीत शर्मा जापान कराटे ब्लैक बेल्ट सेकंड डैन एवं कुक्कीवों साउथ कोरिया ताइक्वांडो में सेकंड डैन ब्लैक बेल्ट ने अपने अनुभव खिलाड़ियों के साथ साझा किया। उन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो एवं कराटे खेल में हुए बदलावों के बारे में खिलाड़ियों को बताया। शुरुआत में प्रशिक्षक विनीत शर्मा एवं अन्य अतिथियों ने क्लब के संस्थापक जयशंकर टाईगर की मूर्ति पर माला एवं दीप प्रज्वलन किया। कार्यक्रम में बाहर से आए प्रशिक्षक विनीत शर्मा का क्लब के सदस्यों ने माल्यार्पण, फेंटा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। मुख्य अतिथि मुकेश गुप्ता वरिष्ठ सहायक शिक्षा विभाग, वरिष्ठ अतिथि वीरेंद्र कुमार शुक्ला संभागीय अध्यक्ष शिक्षा विभाग, वरिष्ठ प्रशिक्षक पोहप सिंह जादौन एवं मुख्य प्रशिक्षक पवन टाईगर रहे व अध्यक्षता मुख्य महिला प्रशिक्षक नेहा टाईगर ने की।

महिला प्रशिक्षक नेहा टाईगर ने बताया कि ताइक्वांडो व कराटे से युवक-युवतियों में आत्मविश्वास,आत्मनिर्भर, फिजिकल फिटनेस एवं आत्मसुरक्षा की भावना पैदा होती है जो आज के युग में युक्तियों के लिए आवश्यक है। अतिथि प्रशिक्षक सेंसेई विनीत शर्मा ने बताया कि इस खेल से खिलाड़ियों का एनर्जी लेवल एवं स्टैमिना में विकास होता है। संचालन क्लब के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर ने किया उन्होंने बताया कि क्लब की शुरुआत 1981 में हुई, तब से निरंतर क्लब युवक युवतियों को प्रशिक्षण देता आ रहा है क्लब से अनगिनत खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेलों में उपलब्धि प्राप्त की।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने अतिवृष्टि का जायजा लिया

**भरतपुर** (निसं)। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. शैलेश दिगम्बर सिंह ने डीग तहसील के कई ग्रामों में हुई ओलावृष्टि व अतिवृष्टि से हुए फसल नुकसान को लेकर जताई चिंता। डॉ शैलेश सिंह ने श्योरावली गांव में किसानों के साथ भरतपुर जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता को सौपा ज्ञापन। डॉ. शैलेश ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन से शीघ्र गिरदावरी कराकर किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की रखी मांग।

बदलते मौसम के चलते हुए बरसात और ओलावृष्टि से जनूथर में किसानों की फसल खराब हो गई। इससे क्षेत्र के किसानों की पूरी फसल चौपट हो गई। फसल खराबे का सर्वे करने के लिए स्थानीय प्रशासन भी मौके पर दबे पांव पहुंचा जिसकी ग्रामीणों को भनक तक नहीं हुई। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष हंसिका गुर्जर ने कांग्रेस शासन में किसानों के प्रति प्रशासन के इस रवैय्ये निंदा की है।

# सवाईमाधोपुर जिले में 69 पॉजिटिव केस सामने आए

**गंगापुर सिटी** । जिले में शनिवार को आई कोरोना सूची में 69 पॉजिटिव केस सामने आए है। जिले के गंगापुर सिटी में 6 नए केस तो बामनवास में 13 पॉजिटिव केस सामने आए है। बामनवास ब्लॉक में 52 वर्षीय दादा व 5० वर्षीय दादी के साथ 2 साल की पोती भी कोरोना पॉजिटिव आई है। गंगापुर सिटी में 29 एक्टिव केस हो गए है। कोरोनो पॉजिटिव के संपर्क में आए लोगों की हिस्ट्री खंगाल रही है। वहीं, पॉजिटिव मरीजों को होम आइसोलेट किया गया है। गंगापुर सिटी ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. बत्तीलाल मीणा ने बताया कि गंगापुर सिटी शहर की कर्मचारी कॉलोनी में 5० साल की महिला, 3० साल की महिला के साथ 26 वर्षीय महिला, शिवपुरी कॉलोनी में 23 वर्षीय युवक, गंगापुर सिटी में 2 वर्षीय बच्चे समेत मिर्जापुर में 32 साल का युवक कोरोना पॉजिटिव आया है। वहीं, बामनवास ब्लॉक में राघवपुरा में 38 वर्षीय व्यक्ति, बामनवास कला में 17 वर्षीय बालक, बरनाला में 24 वर्षीय युवक, ककराला गांव में 2 वर्षीय बच्ची, 52 वर्षीय व्यक्ति समेत 5० वर्षीय महिला, गुडला गांव में 4० वर्षीय व्यक्ति, 22 वर्षीय लडके समेत 8 वर्षीय बालिका, खेडली गांव में 36 वर्षीय व्यक्ति, पिपलाई गांव में 13 वर्षीय बालक, श्योसिंहपुरा गांव में 18 वर्षीय लडकी कोरोना पॉजिटिव आए है। कोविड-19 वायरस के संक्रमण को बढने से रोकने के लिए एवं राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड गाईडलाइन का उल्लघंन किये जाने पर शनिवार को नवरत्न कोली, अतिरिक्त जिला कलेक्टर के नेतृत्व में एसडीएम अनिल कुमार चौधरी, तहसीलदार ज्ञानचन्द जैमन, आयुक्त नगर परिषद की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए बिना मास्क पाये जाने, भीड-भाड इकट्ठा करने वालें व्यक्तियों के विरूद्व कार्यवाही की।

## सैनी के जिलाध्यक्ष बनने पर स्वागत

**गंगापुर सिटी** । गहलोत ट्रेक्टर निदेशक सीएल सैनी के सैनी माली समाज के निर्विरोध जिलाध्यक्ष बनने पर मॉर्निंग वॉक ग्रुप के सदस्यो ने माला एवं साफा पहना कर स्वागत किया। इस दौरान राजकुमार महस्वा, हनुमान लोहे, बाबूलाल अध्यापक, मदनलाल, रामदयाल, कैलाश चंद, सीताराम, जगदीश सुरगढ, रमेश गोयल, जगदीश वकील, विनय खंडेलवाल सहित पूरी टीम के सदस्य कार्यलय पर पहुंचे और जिलाध्यक्ष का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया।

## पौषबड़ा कार्यक्रम आयोजित

**हिण्डौन सिटी** (का.सं.)। गोस्वामी मंदिर शिव कोलोनी पर पौषबडा कार्यक्रम का आयोजन सभी भक्त जनों के द्वारा सामूहिक किया गया। जिसमे भाजपा पूर्व ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष रामहरि गुर्जर नीरज जैन बलदेव सुगंधीराम फौजी जगदीश नागल फौजी बाबा एवं समस्त भक्त मंडल शिव कॉलोनी उपस्थित रहे ।

# शिक्षक संघ ने की जल्द नियुक्ति देने की मांग

**टोडाभीम** (नि. सं. )। शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद एवं जिलाध्यक्ष गोविन्ददेव मीना ने राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से रीट भर्ती 2018 में चयनित शिक्षकों को जल्द नियुक्ति देने की मांग की है। सलावद ने बताया की वरीयता सूची आए करीब 12 माह हो गए हैं ,राजस्थान के संवेदनशील मुख्यमंत्री ने ही लिस्ट निकाली थी फिर भी नियुक्ति को लेकर 12 माह से इंतजार करना पड़ रहा है।

कोर्ट में मामला अटका होने के कारण अभी तक नियुक्ति नहीं हो पाई है नव चयनित शिक्षक जो भी प्राइवेट जॉब करते थे उनको छोड़ दिया है नियुक्ति की वजह से जिससे नव चयनित शिक्षकों को मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 10 जनवरी को होने वाली सुनवाई में एजी साहब से मजबूत पैरवी करवा कर जल्दी से जल्दी नियुक्ति दिलवाने मांग की है । नव चयनित शिक्षकों ने दो वर्ष तक सूची आने का इंतजार किया और अब 12 माह से नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। नव चयनित शिक्षक अमित कुमार जैमिनी मेहंदीपुर बालाजी ने बताया कि लेवल फर्स्ट में करीब 900 और लेवल सेकंड में करीब ढाई हजार शिक्षकों का चयन हुआ था लेवल सेकंड में आधे से ज्यादा शिक्षकों को नियुक्ति भी मिल गई है बाकी 10ड़ लोग नियुक्ति के बिना रह रहे हैं। इसलिए 10 जनवरी को होने वाली सुनवाई में एजी साहब से मजबूत पैरवी करवा कर नियुक्ति दिलवाई जाएं। 12 माह से हमेशा तारीख ही मिलती रहती है जिससे नव चयनित शिक्षकों को मानसिक तनाव अधिक रहता है। इसलिए जल्दी से जल्दी नियुक्ति दिलवाई जाए।

# प्रधानाध्यापिका ममता कुमारी का आरएएस में चयन होने पर सम्मान

**कुम्हेर** (निसं)। कुम्हेर पंचायत समिति के राजकीय माध्यमिक विद्यालय बोरई कि प्रधानाध्यापिका ममता कुमारी राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन होने पर शनिवार को ग्रामीणों तथा विद्यालय के स्टाफ ने सम्मानित किया। माध्यमिक विद्यालय परिसर मे

सम्मान उनका आरएएस- में प्रथम प्रयास में चयन होने पर किया गया है। प्रधानाधपिका ममता कुमारी का आरएस में चयन होने पर विद्यालय की अध्यापिका कुसुम लता शर्मा, देवेश शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, उषा सिंगल ने पुष्पा तथा भगवान श्री गणेश जी की तस्वीर और शॉल ओढ़ाकर ममता कुमारी आरएएस पद पर चयन होने पर स्वागत सम्मान किया। उन्होंने बताया कि ममता कुमारी का कैरियर शिक्षा विभाग में पैरा टीचर से अपना कैरियर शुरू किया मेहनत के बल पर तृतीय श्रेणी अध्यापक लेक्चर, तथा प्रधानाध्यापक पद के बाद अब आरएएस में चयन हुआ है। ममता कुमारी कुम्हेर तहसील के गांव गुनसारा

- **ममता कुमारी का कैरियर शिक्षा विभाग में पैराटीचर से अपना कैरियर शुरू किया**

निवासी है। गांव के उप सरपंच ,सरपंच आदि ग्रामीणों ने ममता कुमारी का स्वागत सम्मान किया ग्रामीणों ने बताया कि ममता कुमारी विद्यालय में प्रधानाध्यापक बनकर आई उन्होंने घर-घर जाकर विद्यालय का बच्चों का नामांकन कराया तथा विद्यालय का विकास कार्य कराया आर ए एस ममता कुमारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को मेहनत करनी होगी मेहनत करने से मनचाहा पद ग्रहण कर सकते हैं। इस मौके पर हर देवी, केशव, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष नवल किशोर शर्मा, दुलीचंद शर्मा विजय सिंह महेश चंद शर्मा, कल्याण अशोक शर्मा चंदन सिंह हरवीर सिंह आदि ने अपने अपने विचार रखें।

## एसडीएम ने व्यापारियों से गाइडलाइन पर चर्चा की

**टोडाभीम** (नि. सं. )। पालिका कार्यालय के सभागार में उपखंड अधिकारी दुर्गाप्रसाद मीना की अध्यक्षता में उपखंड स्तरीय अधिकारियों, व्यापारियों तथा राजस्व व पंचायत कार्मिकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

जिसमें कोविड गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित कराने पर जोर दिया गया। पालिका कार्यालय में आयोजित बैठक में एसडीएम दुर्गाप्रसाद मीना ने बताया कि राज्य में कोविड़-19 के संक्रमितों की संख्या में दिनों दिन बढ़ोतरी हो रही है। जिसे नियंत्रित करने के लिए लोगों को जागरूक करने के साथ सतर्कता व सावधानी बरतने के लिए जागरूक करने के लिए अधिकारियों व कार्मिकों को निर्देश दिए गए। वहीं एसडीएम ने कस्बे के व्यापारियों को बिना मास्क के दुकानों पर नहीं बैठने के साथ सामाजिक दूरी की पालना सुनिश्चित करने सहित बिना मास्क लगाए ग्राहकों को सामन नही देने के निर्देश गए। उन्होंने कस्बे के व्यापारियों व लोगों को शत प्रतिशत वैक्सीन लगवाने व गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित करने की हिदायद दी गई।

# छात्रा से दुष्कर्म के मामले में ग्रामीण एकजुट



निजी स्कूल की मान्यता निरस्त करवाने के लिए ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन।

**टोडाभीम** (नि. सं. )। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पदमपुरा में संचालित सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय के ही एक शिक्षक द्वारा 4 जनवरी को विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 6 की एक नाबालिक 10 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना को लेकर समस्त ग्रामवासियों ने 7 जनवरी शुक्रवार को गांव में संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान लोगों ने बताया कि उक्त विद्यालय में इस तरह की कई घटनाएं पूर्व में भी घट चुकी हैं। जोकि काफी गंभीर मामला है। बैठक में संबंधित विद्यालय की मान्यता निरस्त करवाने एवं विद्यालय के बच्चों को अन्य विद्यालय में प्रवेश की कार्रवाई करवाने के लिए उपजिला कलेक्टर को ग्राम पंचायत सरपंच के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद ग्राम पंचायत सरपंच सुशीला मीना के पति हंसराज मीणा के नेतृत्व में सभी ग्रामवासी उपजिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और संबंधित विद्यालय की मान्यता निरस्त करवाने तथा विद्यालय के बच्चों को अन्य विद्यालयों में प्रवेश की कार्रवाई करवाने की मांग को लेकर एसडीएम दुर्गाप्रसाद मीणा हो एक ज्ञापन सौंपा।

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला करौली ( राज. )

क्रमांक:-व-15()सामा./घोडा/2022-23/245-55 दिनांक: 08.01.2022

### खुली निविदा सूचना

जिला पुलिस करौली के घुड़सवार शाखा पुलिस लाईन करौली के सरकारी घोडों 07 हेतु सूखा घास 208 क्विंटल 75 कि.ग्रा. (वर्ष 2022-23 के लिए) क्रय करने के लिए एक वर्ष की अवधि के लिये दरें अनुमोदित किये जाने हेतु निविदाऐं आमंत्रित की गई हैं। निविदाऐं दिनांक 21.01.2022 को 2.00 PM तक स्वीकार की जा कर उसी दिनांक 21.01.2022 को 3.00 बजे समस्त निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेंगी।

| क्र. सं. | नाम सामान/कार्य का विवरण | अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा फार्म शुल्क | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सूखा घास | 2,50,000 | 5,000/- | 200/- | 21.01.2022 |

शर्तें:-

1. निविदा फार्म व शर्ते दिनांक 21.01.2022 तक कार्यालय समय में 01.00 पी.एम. तक 200/- रूपये का डी.डी./नकद/पोस्टल आर्डर जमा करवाकर कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. सभी दरें समस्त प्रकार के करों सहित होनी चाहिए।
3. सशर्त निविदाऐं स्वीकार नहीं की जावेगीं।
4. सूखा घास की आपूर्ति पुलिस लाईन करौली में करनी होगी।
5. निविदा दाता फर्म रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है।
6. मांग के अनुसार नियत समय पर सूखा घास की पूर्ति की जावेगी।
7. सूखा घास की गुणवत्ता उच्च कोटि की होगी जिसकी जांच करवायी जाकर एवं इस कार्यालय द्वारा गठित कमेटी द्वारा गुणवत्ता एवं मापतौल की रिपोर्ट के आधार पर राशि का भुगतान किया जावेगा।

जिला पुलिस अधीक्षक
करौली